हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

13 सेवानिवृत्त वीर एयर वारियर्स ने अपने गौरवशाली...



14 वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत कांग्रेस...



## रिपोर्ट में 12 अनुशंसाएं की गई थी, उसके बाद जारी किए निर्देश

# फरलो पर लगेगी लगाम, सरकारी विद्यालयों में स्टाफ आवागमन की मूवमेंट रजिस्टर में करनी होगी एंट्री

**बीईओ, डीईईओ व डीईओ प्रत्येक माह में कम से कम 15 विद्यालयों के मूवमेंट रजिस्टर करेंगे चेक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सरकारी विद्यालयों में शिक्षक हो या अन्य स्टाफ, आवागमन का रिकार्ड उन्हें मूवमेंट रजिस्टर में दर्ज करना होगा। यहीं नहीं, इसमें जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाएगी। इस मूवमेंट रजिस्टर में विद्यालय मुखिया सहित उच्च अधिकारी के हस्ताक्षर करने होंगे। प्रत्येक माह में कम से कम 15 विद्यालयों के मूवमेंट रजिस्टर को खण्ड शिक्षा अधिकारी से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को चेक करना भी होगा। शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर हरियाणा विधानसभा में गठित 'विषय समिति' की 10वीं रिपोर्ट (वर्ष 2024–25) को मार्च-2025 को बजट अधिवेशन के दौरान सदन में प्रस्तुत की गई थी।

इस रिपोर्ट में माननीय सभापति विषय समिति द्वारा विद्यालय शिक्षा विभाग के लिए 12 अनुशंसाएं दी गई थी। जिसके क्रमांक आठ में अनुशंसा की गई। उक्त अनुशंसा की अनुपालना में राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों (प्राथमिक, मिडिल, उच्च, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पीएमश्री विद्यालय, मॉडल संस्कृति, आरोही मॉडल) में कार्यरत कर्मचारियों (शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक) के आवागमन का रिकार्ड रखने एवं उनकी जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मूवमेंट रजिस्टर में कॉलम बनाए गए है।

### क्या कहते हैं डीईओ



जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने बताया कि सभी राजकीय विद्यालयों में मूवमेंट रजिस्टर को मेनटेन करवाना सुनिश्चित करवाया जा रहा है।

### कॉलम में यह देनी होगी डिटेल

कर्मचारी का नाम, पदनाम, विद्यालय छोड़ने का उद्देश्य-कारण, गंतव्य स्थान का नाम, प्रस्थान करने का समय, विद्यालय में वापिस लौटने का समय, विद्यालय छोड़ने एवं वापिस लौटने पर जमा करवाएं जाने वाले दस्तावेजों का विवरण (यदि कोई है तो), संबंधित कर्मचारी के हस्ताक्षर, विद्यालय मुखिया के टिप्पणी सहित हस्ताक्षर, उच्च अधिकारी (बीईओ/बीआरसी/डीईईओ/डीई) के हस्ताक्षर करने होंगे।

### मूवमेंट रजिस्टर के रख रखाव के लिए यह आदेश

- मूवमेंट रजिस्टर में सभी कर्मचारियों की विद्यालय समय के दौरान गंतव्य स्थान (किसी अन्य कार्यालय/विद्यालय/बाहरी ड्यूटी/ट्रेनिंग एवं व्यक्तिगत आपातस्थिति) पर जाने की बाहरी गतिविधियों को दर्ज / रिकार्ड किया जाएं। यदि किसी दिवस पर कोई कर्मचारी विद्यालय को छोड़कर बाहर नहीं जाता है तो उस स्थिति में भी मूवमेंट रजिस्टर को मेनटेन रखते हुए उस दिवस की गतिविधि से संबंधित पृष्ठ को क्रॉस मार्क किया जाएं।
- विद्यालय मुखिया द्वारा मूवमेंट रजिस्टर पर प्रतिदिन की गतिविधियों को दर्ज करके, अपनी टिप्पणी सहित हस्ताक्षर किए जाएं।
- जब कोई कर्मचारी विद्यालय समय के दौरान विद्यालय से बाहर जाता है तो इस बारे में संबंधित पत्र/ आदेश की छायाप्रति एवं वापसी में कर्मचारी की गंतव्य स्थान से हाजिरी/उपस्थिति रिपोर्ट प्राप्त की जाए। इस हाजिरी को प्रमाण के तौर पर मूवमेंट रजिस्टर में पेस्ट किया जाएं।
- उच्च अधिकारियों द्वारा संबंधित विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्हें मूवमेंट रजिस्टर का अवलोकन करवाकर उस पर उनके हस्ताक्षर करवाएं जाएं।
- संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी/ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रत्येक माह में न्यूनतम 15 विद्यालयों के मूवमेंट रजिस्टर चेक किए जाएं। यदि कोई विद्यालय द्वारा मूवमेंट रजिस्टर को प्रोपर मेनटेन नहीं किया जाता तो इस बारे में प्रथम रिपोर्ट जिला मुख्यालय को प्रेषित की जाए। जिला मुख्यालय नियमानुसार इस रिपोर्ट पर 30 दिनों के अंदर आगामी कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।
- मुख्यालय द्वारा किसी भी विद्यालय के मूवमेंट रजिस्टर को रेंडमली चेक किया जा सकता है। उक्त दिशा–निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित विद्यालय के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## खबर संक्षेप



कनीना। ब्यूटी पार्लर में हाथों पर मेहंदी लगवाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### ब्यूटी पार्लर पर महिलाओं की रही भीड़

**कनीना।** करवा चौथ के पर्व पर ब्यूटी पार्लर पर महिलाओं की जमकर भीड़ रही। वहां पर महिलाओं ने हाथों पर मेहंदी लगवाने सहित साज सज्जा के सामान की खरीदारी की। पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं की ओर से करवा चौथ का व्रत रखा जाता है। इस त्योहार पर महिलाओं द्वारा श्रृंगार व मेहंदी रचाने जैसे कार्य किए जाते हैं। रात्रि को चांद देखने के बाद व्रत खोला जाता है।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक कल

**नारनौल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन की बैठक 11 अक्टूबर को यादव धर्मशाला में 10 बजे आयोजित की जाएगी। जिला प्रधान घनश्याम शर्मा व जिला सचिव रोशनलाल ने बताया कि बैठक में पांचों खंडों के सभी पदाधिकारी व सदस्य बैठक में भाग लेंगे।



नारनौल। एसपी को शिकायत देने पहुंचे अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

### अधिवक्ता को दी जान से मारने की धमकी

**नारनौल।** अपराधी ने वीरवार को पैसे की मांग को लेकर अधिवक्ता हेमंत कृष्ण भारद्वाज सिहमा को अपहरण कर जान से मारने की धमकी दी है। जिससे अधिवक्ताओं में भारी रोष। अधिवक्ता सजीत यादव मांदी, देवेंद्र मोहनपुर अधिवक्ता, वीरभान यादव, अधिवक्ता देवेंद्र यादव, अधिवक्ता खुशीराम यादव, अधिवक्ता सुरेश कुमार, धर्मवीर गुरावला सहित अनेक अधिवक्ताओं ने एसपी को शिकायत दी है।

### सेक्टर में 36वीं यज्ञ गोष्ठी का आयोजन

**नारनौल।** लोकसंस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ एवं महिला यज्ञ समिति की ओर से हुडा सेक्टर में 36वीं यज्ञ संगोष्ठी व सत्संग का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में वैदिक मंत्रोच्चार व गौ घृत की आहुतियों से जल व प्रकृति की पूजा की गई। यज्ञ संयोजिका मिथलेश ने विशेष लोकपर्वों पर किए गए यज्ञ के प्रतिफल व ऋषि मुनियों की ओर से चलाई गई यज्ञ परम्परा के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। यज्ञ कार्यक्रम ब्रह्मा युगान्ता यादव ने प्रतिदिन की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी।

## चुनिंदा वार्डों तक सिमटे नपा प्रशासन के एस्टिमेट व बजट

# चेयरपर्सन पर विकास कार्यों में भेदभाव के आरोप, 11 पार्षदों ने बैठक से बनाई दूरी

**आक्रोशित पार्षदों ने सामूहिक त्याग पत्र देने का दिया अल्टीमेटम**

*एक घंटे इंतजार करने के बाद सचिव ने बैठक को स्थागित कर दिया। आक्रोशित पार्षदों ने सरकार व नपा प्रशासन के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

नपा प्रशासन ने विकास कार्यों को रफ्तार देने के मकसद से हाउस की बैठक बुलाई थी। जिसमें 11 पार्षदों ने सम्मलित होने से इंकार कर दिया। उन्होंने अधिकारियों पर विकास कार्यों में भेदभाव बरतने के आरोप लगाए हैं। करीब एक घंटे इंतजार करने के बाद सचिव ने बैठक को स्थागित कर दिया। आक्रोशित पार्षदों ने सरकार व नपा प्रशासन के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया है। साथ ही उन्होंने व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सामूहिक त्यागपत्र देने का अल्टीमेटम दिया है।



नांगल चौधरी। हाउस की मीटिंग में कोरम पूरा करने के लिए पार्षदों का इंतजार करते अधिकारी।

### वर्क अप्रूवल की प्रक्रिया अटकी

पार्षदों ने कहा कि नांगल चौधरी नपा को 13 वार्डों में विभाजित किया गया है। पिछली बैठक में वार्ड वाइज विकास कार्य कराने की रूपरेखा बनाई गई थी। अधिकांश कार्यों को सुचीबद्ध कर लिया, लेकिन वर्क अप्रूवल की प्रक्रिया अटकी हुई है। कुछ वार्डों में बीते क साल से लगातार सड़क निर्माण, पाइप लाइन तथा गड्ढों में मिट्टी भरने का काम चल रहा है, जिसको पार्षदों ने भेदभाव पूर्ण कार्यशैली करार दिया है। वहीं सात आठ वार्डों में बीते करीब एक साल से विकास कार्यों के लिए एक ईंट तक नहीं लगी। आमरास्तों में गहरे गड्ढे तथा जलभराव की समस्या बनी हुई है। कुछ समस्याओं के एस्टिमेट स्वीकृत हो चुके तथा नपा को बजट भी उपलब्ध करवा दिया है, बावजूद वर्क प्रक्रिया अटकी हुई है। समस्या से चेयपर्सन प्रिया सैनी के ससुर को अवगत कराया गया था, लेकिन उन्होंने राजनीतिक कारणों का तर्क देकर समाधान कराने से इंकार कर दिया। जिससे आक्रोशित पार्षदों ने हाउस की बैठक में शामिल होने से इंकार कर दिया। नौ अक्टूबर को प्रस्तावित बैठक में नारनौल, निजामपुर व नारनौल रोड के दोनों तरफ नाले व टाइलों की सड़क निर्माण पर चर्चा होनी थी। इसके अलावा रिटायर्ड पटवारी को अनुबंध पर रखने, ग्रीन बेल्ट विकसित करने, नपा कार्यालय के लिए निजामपुर रोड पर स्थित कॉलेज की जमीन खरीदने, सफाई के लिए जेसीबी मशीन का प्रबंध, कर्मचारियों को समान काम समान वेतन देने पर विचार विमर्श होना था, लेकिन पार्षदों का बहिष्कार होने पर नपा सचिव को हाउस बैठक स्थागित करनी पड़ी है।

### विकास कार्यों में समानता नहीं, आमजन परेशान

*वार्ड नंबर सात के पार्षद कंवर सिंह जाखड़ ने बताया कि वार्डों के विकास कार्यों में समानता नहीं है, चेयरपर्सन का ससुर ने राजनीतिक कारणों का तर्क देकर कुछ काम रूकवा रखे हैं। जबकि समस्या के समाधान में कहीं भी राजनीतिक अड़ंगा नहीं, विभाग के कनिष्ठ अभियंता की लापरवाही के चलते अव्यवस्था बनी हुई है। वार्ड 11 के पार्षद धर्मबीर यादव ने बताया कि विकास कार्यों में भेदभाव होने से आमजन परेशान हैं। जल्द ही समाधान नहीं हुआ, तो सामूहिक त्यागपत्र देने पर विचार विमर्श किया जाएगा।*

### सभी विकास कार्यों के एस्टीमेट व टेंडर एकसाथ कंप्लीट करना असंभव

नपा के कनिष्ठ अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि विकास कार्यों के एस्टीमेट बना रहा हूं, लेकिन सभी एस्टीमेट और टेंडर एकसाथ पूरे करना संभव नहीं, क्योंकि इससे पेंडिंगनेंसी बढ़ जाएगी और विकास कार्यों की क्वालिटी भी प्रभावित हो जाएगी। उन्होंने बताया कि भेदभाव के आरोप निराधार हैं, जो भी एस्टीमेट व अन्य काम पेंडिंग हैं, उन्हें जल्द पूरा कर लिया जाएगा।



महेंद्रगढ़। डिवाइडर के बीच में नहीं स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था। फोटो : हरिभूमि

# स्टेट हाईवे-148बी से स्ट्रीट लाइटें गायब, पसरा रहता है अंधेरा

**शहरी क्षेत्र के हाईवे पर आए दिन हो रहे हादसे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

नारनौल-दादरी स्टेट हाईवें-148बी सड़क पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने की वजह से शाम होते ही हाईवे अंधेरे में डूब जाता है। इस वजह से शहरी क्षेत्र के हाईवे पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। यदि शहरी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगा दी जाती तो लोगों को काफी हद तक रात में होने वाली परेशानी से निजात मिल सकती है।

एचएसआइआइडीसी की ओर से नारनौल-दादरी स्टेट हाईवें-148बी सड़क का निर्माण कार्य पूरा लगभग एक वर्ष पहले पूरा हो चुका है। इस हाईवे से राजस्थान के कोटपुतली, जयपुर व हरियाणा के भिवानी, रोहतक, हिसार, चंडीगढ़ जैसे अनेक बड़े शहरों में जाने वाले हजारों राहगीर प्रतिदिन निकलते हैं। जिस कारण दिन और रात के समय हाईवे पर वाहन फरार्टा भरते हैं। रात में ट्रक, टैंकर, बस व गाड़ी समेत बड़े वाहनों का संचालन होने के कारण हाईवे पर व्यस्तता अधिक बढ़ जाती है। लोगों की मांगों को ध्यान में रखते सरकार ने दो वर्ष पहले हाईवे का निर्माण कार्य शुरू किया था।

सड़क निर्माण कंपनी द्वारा हाइवे पर डिवाइडर बनवाए गए हैं, लेकिन उसके बाद भी अभी तक हाईवे पर प्रकाश की व्यवस्था नहीं की गई है। जिस कारण दिन ढलते ही हाईवे पर अंधेरे छा जाता है।

### इन स्थानों पर बनाए गए है लोगों ने अवैध कट

रिवासा फ्लाईओवर से लेकर राव तुलाराम चौक की 500 मीटर के दूरी लोगों द्वारा दो अवैध कट बना दिए गए हैं। इसके बाद राव तुलाराम चौक से कॉलेज तक अवैध कट बना दिए गए हैं। इसके अलावा कैंची मोड़ तक दो अवैध कट बना दिए गए हैं। जिला प्रशासन का बढ़ते अवैध कट की ओर कोई ध्यान नहीं जा रहा हैं। अवैध कट कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता हैं। वहीं शहर का राव तुलाराम चौक, सतनाली चौक, रिवासा फ्लाईओवर व कैंची चौक चौराहे पर सर्कल नहीं बनाया गया हैं। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यहां से तेजी से वाहन गुजर रहे हैं, जिससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## 13.69 ग्राम स्मैक सहित नशा तस्कर काबू

**नारनौल।** हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रेवाड़ी यूनिट ने नारनौल-नांगल चौधरी रोड पर टहला-मुकन्दपुर मोड़ से एक नशा तस्कर को 13.69 ग्राम स्मैक (हेरोइन) व मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया।

यूनिट प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति टहला-मुकन्दपुरा मोड़ पर नशीले पदार्थ की तस्करी करने की फिराक में है। सूचना के आधार पर की गई तत्पर कार्रवाई में आरोपित मोनू सैनी निवासी थाना शहर को मौके पर दबोचा लिया गया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी के दौरान उसके पास से 13.69 ग्राम स्मैक (हेरोइन) व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। आरोपित पर थाना शहर में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।



नारनौल। एनसीबी की गिरफ्त में नशा तस्कर।

## सामाजिक कुरीतियों के बहिष्कार का लिया निर्णय

**कनीना।** गांव बागोत में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें गुर्जर समाज के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में गुर्जर सभा की ओर से समाज उत्थान के लिए मृत्यु भोज पर बैन लगाने, विवाह शादी में पहरावणी पर 101 रुपये का शगुन लेने, मिलनी परंपरा बंद करने, पुत्र पुत्री के जन्मोत्सव पर सहभोज बंद करने, शोक सभा में चाय नाश्ता बंद करने, सामाजिक समारोह में महिलाओं द्वारा बर्तन वितरित न करने आदि सहित 11 बिंदुओं को लागू करने का स्वागत किया। साथ ही 11 सूत्री बिन्दुओं को अमलीजामा पहनाने के लिए 25 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जो इन बिंदुओं की अवहेलना करने वाले व्यक्ति पर नजर रखेगी। इस मौके पर सरपंच राजेंद्र सिंह, प्रकाश, गोविंद, बेडा सिंह, प्रकाश, शंभूराम, हुकुमचंद, पोहकर, धर्मवीर, बेगराज, गोरीसिंह, राजेश, महावीर, दाताराम, विनोद, जयसिंह, रतिराम उपस्थित थे।



कनीना। बागोत में आयोजित सभा में हिस्सा लेते गुर्जर समाज के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि



मंडी अटेली। अटेली अनाज मंडी में टोकन कटवाने के लिए खड़े किसान। फोटो : हरिभूमि

### अटेली मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद न होने से किसान परेशान

**मंडी अटेली।** अटेली नई अनाज मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद शुरू न होने से किसानों में भारी नाराजगी है। सरकार द्वारा घोषित खरीद तिथि बीत जाने के बावजूद अभी तक मंडी में सरकारी एजेंसियों ने खरीद शुरू नहीं की है। इसके चलते किसानों को अपनी उपज निजी खरीदारों को औने-पौने दामों में बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि वे सुबह सात बजे से मंडी में टोकन कटवाने के लिए खड़े हैं, लेकिन साढ़े नौ बजे तक भी कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। इससे किसानों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं, आढ़तियों का कहना है कि सरकार की ओर से खरीद प्रक्रिया शुरू न होने से मंडी का कामकाज ठप पड़ा हुआ है। जजपा अटेली के हल्का प्रधान बेदू राता ने मंडी में मौजूद किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि न तो मंडी में किसानों के बैठने की उचित व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की। सरकार ने 23 सितंबर से बाजरा खरीद शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन हकीकत में अब तक खरीद शुरू नहीं हुई। बेदू राता ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के कार्यकाल में किसानों को इस तरह की दिक्कतें नहीं आती थी। इस बार बारिश से फसल पहले ही बर्बाद हो चुकी है और जो बची है, उसे खरीद से बाहर रखा जा रहा है।

## पार्षद नितिन चौधरी ने की नप चेयरपर्सन व नगर आयुक्त से मुलाकात

# बंदरों के आतंक से मिलेगी निजात, टेंडर प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बंदरों के आतंक से त्रस्त शहर की व्यथा से क्षुब्ध पार्षद नितिन चौधरी ने वीरवार को नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी व नगर आयुक्त रणबीर सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने कहा कि वे पिछले दिनों ट्रेनिंग पर गए हुए थे। अतः आज इस मुख्य समस्या के निराकरण के लिए हम सभी बैठे हैं। नप चेयरपर्सन ने नगर आयुक्त को अवगत कराते हुए कहा कि यूं तो बंदरों की समस्या पूरे शहर में ही हैं, लेकिन सब्जी मंडी के कारण आजाद चौक के आसपास यह समस्या बेहद विकराल हैं।

पार्षद नितिन चौधरी ने कहा कि बार बार नगर परिषद को चेताने के बावजूद भी बंदरों को पकड़ने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अनेक मासूम व निर्दोष लोग बंदरों आतंक का निशाना बन चुके हैं, कुछ लोग जख्मी हुए हैं, तो किसी को अपनी जान से ही हाथ गवाना पड़ा हैं। लोग घर की छतो पर जाने से कतराने लगे हैं। इस बातों को ध्यान से सुनने के बाद नगर आयुक्त ने एक्सईएन व जेई को बुलाकर बंदरों के पकड़ने के लिए टेंडर प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के दिशानिर्देश किए। जिस पर उन्होंने कहा कि कल ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जिस पर नितिन चौधरी ने कहा कि कल तो कल हैं, आज ही यह प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके बाद नप चेयरपर्सन व नगर आयुक्त ने जेई को बुलाकर टेंडर प्रक्रिया प्रारम्भ करवा दी। ऐसे में निश्चित तौर जल्द ही शहर को बंदरों के आतंक से निजात मिल जाएगी।



नारनौल। नप चेयरपर्सन व नगर आयुक्त से मुलाकात करते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### पार्षद दे चुके है नप गेट पर ताला लगाने की धमकी

बंदरों के आतंक से क्षुब्ध नगर पार्षद नितिन चौधरी कार्रवाई न करने पर नगर परिषद के गेट पर ताला लगाने की धमकी भी दे चुके है। जिसमें पार्षद ने कहा था कि शहर में बंदरों ने आतंक मचाया हुआ है, लेकिन नप प्रशासन बंदरों को पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा था कि अगर नप प्रशासन ने बंदरों को पकड़कर शहर से बाहर छोड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की तो, 13 अक्टूबर को नगर परिषद के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया जाएगा। नप प्रशासन इसे सीधे रूप में उनकी तरफ से धमकी भी समझ सकते है।

# चांदनी रिसोर्ट में वायुसेना दिवस पर एक शाम वायुसेना के नाम कार्यक्रम आयोजित

## सेवानिवृत्त वीर एयर वारियर्स ने अपने गौरवशाली दिनों की यादें ताजा की

अतिथियों ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारतीय वायुसेना की 93वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक्स एयर वॉरियर एसोसिएशन के तत्वावधान में गांव रघुनाथपुरा स्थित चांदनी रिसोर्ट में एक शाम वायुसेना के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त वीर एयर वारियर्स ने एकत्रित होकर अपने गौरवशाली दिनों की यादें ताजा की और देश की सुरक्षा में वायुसेना की अमूल्य भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व वायु सैनिक सुरेश पंघाल पुलिस उप अधीक्षक, विशिष्ट अतिथियों में विंग कमांडर सतीश यादव जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, सिविल सोसाइटी प्रतिनिधि डॉ. रामनिवास यादव, इंडियन आर्मी प्रतिनिधि के तौर पर सूबेदार मेजर राजेंद्र यादव विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन प्रधान उमराव सिंह चंदेला ने की।



नारनौल। कार्यक्रम के दौरान एक्स एयर वॉरियर एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन महासचिव अमरजीत सिंह बड़ेसरा ने किया।

कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी तथा सामूहिक रूप से एक स्वर में वायुसेना गान देश पुकारे जब सबको...दुख सुख बांटे एक समान गाया। इसके बाद उपस्थित पूर्व वायुसैनिकों ने अपने-अपने अनुभव सांझा किए और बताया कि कैसे भारतीय वायुसेना ने समय-समय पर देश की रक्षा में अपनी उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन किया है, चाहे वह 1965, 1971 के युद्ध हो या कारगिल ऑपरेशन या ऑपरेशन सिंदुर हर मोर्चे पर भारतीय वायुसेना ने साहस, अनुशासन और तकनीकी दक्षता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सुरेश पंघाल पुलिस उपाधीक्षक ने वायुसेना दिवस के उपलक्ष्य में सभी एयर वारियर्स एवं परिवारजनों को बधाई दी तथा वायुसेना के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना की स्थापना आठ अक्टूबर 1932 को हुई थी। प्रारंभ में इसके पास सीमित संसाधन और प्रशिक्षण सुविधाएं थी, लेकिन आज यह दुनिया की सबसे शक्तिशाली वायु सेनाओं में शुमार है। आज भारतीय वायुसेना के पास राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, मिराज-2000, तेजस, अत्याधुनिक सी-17 ग्लोबमास्टर व अपाचे हेलिकॉप्टर जैसे आधुनिक युद्धक विमान हैं, जो इसे किसी भी परिस्थिति में तुरंत कार्रवाई करने में सक्षम बनाते हैं।

### सेनाओं में ऑफिसर बनने के लिए किया प्रेरित

*ऑनरेरी फ्लाइंग ऑफिसर ओमप्रकाश यादव ने सेवानिवृत्त एयर वारियर्स से आह्वान किया कि युवाओं के चरित्र निर्माण व करियर गाइडेंस के लिए हम सभी को आगे बढ़कर सहयोग करना चाहिए। वारंट ऑफिसर रामधन शर्मा ने सभी एयर वारियर्स को संगठित होकर समाज की भलाई के लिए जीवन समर्पित करने का आह्वान किया। वारंट ऑफिसर खजान सिंह व रामभगत यादव ने युवाओं को राष्ट्र की रक्षा सेनाओं में ऑफिसर बनने के लिए प्रेरित किया। वारंट ऑफिसर सुरेंद्र शर्मा ने सेवानिवृत्ति के बाद योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के गुर सिखाए तथा वायुसेना के एथलेटिक्स कोच रहे हंसराज पलस्वाल ने प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। पूर्व वायु सैनिक हेमंत मुनी ने सभी को परोपकारी जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। राकेश चौहान, सत्यवीर, ब्रह्मदत्त, अजय यादव, रमेश खोवाल, अमर सिंह, हरिओम यादव ने देशभक्ति की कविताओं व गानों के माध्यम से समां बांधा। अंत में सभी सदस्यों ने राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया तथा नई पीढ़ी को भारतीय वायुसेना के आदर्शों से प्रेरित करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस मौके पर राजेश मलिक, हेमंत मुनी, रामभगत, खजान सिंह, रामधन शर्मा, अमर सिंह, श्रीराम सैनी, सतवीर, महेंद्र लाठर, ब्रह्मदत्त, हंसराज, योगेश, जनार्दन, संतसिंह, हनुमान, ओमप्रकाश यादव, सुरेंद्र, रमेश, राकेश चौहान आदि बड़ी संख्या में पूर्व वायु सैनिक उपस्थित रहे।*

जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

## रामायण जीवन मूल्यों व आदर्शों का शाश्वत मार्गदर्शनः शेखावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सिंघानिया विवि में एक दिवसीय संस्कृत संगोष्ठी आयोजित

पचेरी बड़ी स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय एवं संस्कृत भारती के संयुक्त तत्त्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय संस्कृत संगोष्ठी का आयोजन सभागार में किया गया। संगोष्ठी का विषय था महर्षि वाल्मीकि रचित रामायणस्य आधुनिक परिप्रेक्ष्य उपादेयता। कैंपस डायरेक्टर प्रो. पी. एस. जस्सल ने समाज में संस्कृत मूल्यों को संजोए रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सिं घा नि या विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों के उत्थान पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्य अतिथि अशोक सिंह शेखावत (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) रहे, जिन्होंने आज के जीवन में वाल्मीकि रामायण क्यों आवश्यक है विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रामायण जीवन मूल्यों और आदर्शों का शाश्वत मार्गदर्शन है। मुख्य वक्ता कमल ने संस्कृत भाषा की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को संस्कृत संभाषण का प्रयास करना चाहिए, ताकि यह भाषा पुनः जनजीवन का हिस्सा बन सके।



नारनौल। मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के संयोजक एवं सूत्र संचालक डॉ. सुमित शर्मा, संस्कृत विभागाध्यक्ष रहे। कार्यक्रम का समापन मंगलाचरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस मौके पर नन्द किशोरी शर्मा, कृष्णानंद, विजय सिंह शेखावत, सुरेंद्र शर्मा, विमल, रिद्धू सिंह, राकेश शर्मा, रवि दत्त शर्मा, ओमप्रकाश बोहरा व अभिमन्यु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान

एनएसएस से विद्यार्थी का होता है सर्वांगीण विकास

- राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर आयोजित
- वर्ष कैंप की थीम युवा शक्ति स्वच्छ व सशक्त भारत रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट एक व दो के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. जरनैल सिंह ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं।

एनएसएस से विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिओम व डॉ. प्रीति ने बताया कि इस वर्ष कैंप की थीम युवा शक्ति स्वच्छ व सशक्त भारत रखी गई। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय प्रांगण में सघन सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर डॉ. रविशंकर, डॉ. कमला यादव, डॉ. सुमन, यशपाल, जैकी, हरीश, ईश्वर आदि मौजूद रहे।



सतनाली मंडी। एनएसएस कैंप में सफाई अभियान चलाते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

## एसपीजी आईएएस स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन




महेंद्रगढ़। मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

डुलाना चितलांग रोड स्थित एसपीजी आईएएस स्कूल में करवा चौथ पर्व को लेकर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं व अध्यापिकाओं ने भाग लिया। इस दौरान छात्राओं ने सुंदर-सुंदर मेहंदी के डिजाइन बनाएं। प्राचार्या सरिता राव ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन ने केवल कला के प्रति रुचि जागृत करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास रचनात्मक और भारतीय मूल्यों का विकास भी करते हैं। इन प्रतियोगिता से बच्चों में छुपी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष में महिलाओं को एक विशेष स्थान दिया गया है। महिला मां, बहन, बेटी व बहू के रूप में हर जगह विराजमान है। प्राचार्या ने सभी अध्यापिकाओं को करवा चौथ के पर्व की बधाई दी।

## स्वास्थ्य मंत्री से चंडीगढ़ निवास पर की मुलाकात

भविष्य की योजनाओं पर किया मंथन

- जिला में प्रदान की गई स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने चंडीगढ़ निवास पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से मुलाकात की। जानकारी देते हुए संदीप मालड़ा ने बताया कि आरती सिंह राव के स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद से ही पूरे हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हुआ है। जिला में दो दर्जन से भी अधिक उप स्वास्थ्य केंद्रों के पुनर्निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है।

इनमें से कुछ उप स्वास्थ्य केंद्र तो एक दशक से भी अधिक समय से जर्जर हो रखे थे। इनके पुनर्निर्माण से लगभग 40 गांवों को स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं मिल पाएंगी। इसके साथ-साथ उप मंडल अस्पताल महेंद्रगढ़ व नागरिक स्वास्थ्य केंद्र सतनाली का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। गांव पाली में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू होगा। सरपंच देशराज फौजी ने बताया कि गांव की ओर से जमीन का प्रस्ताव दिए जाने उपरांत जिला उपायुक्त कार्यालय की तरफ से पंचायत विभाग के निदेशक को इस बारे जरूरी कागजात भेजे जा चुके हैं। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की। स्वास्थ्य मंत्री ने मौके पर पंचायत विभाग से तालमेल करने बारे जरूरी दिशा-निर्देश दे दिए।



महेंद्रगढ़। स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करते संदीप मालड़ा।

## बचपन प्ले स्कूल के बच्चों ने किए गोपाल गोशाला एवं मंदिर के दर्शन

- 125 नन्हे–मुन्ने बच्चों ने बालाजी की विशाल प्रतिमा के दर्शन किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

मोहल्ला जवाहरनगर स्थित बचपन प्ले स्कूल के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने श्री गोपाल गोशाला व मंदिर के दर्शन किए। बचपन हेड रूपाली अरोड़ा की देखरेख में पहुंचे लगभग 125 नन्हे–मुन्ने बच्चों ने बालाजी की विशाल प्रतिमा के साथ-साथ सालासर बालाजी मंदिर, शनिदेव मंदिर, श्रीश्याम मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर व शिव पंचायत के दर्शन भी किए।

इस दौरान उन्होंने गोशाला परिसर में रखी गाय के साथ-साथ पिंजरे में रखे खरगोश भी देखे तथा झूला झूलने के पश्चात पिकनिक मनाई। चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने बताया कि नन्हे मुन्ने बच्चों को बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ हमारे शहर में बने हुए धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थानों को भी देखना चाहिए, ताकि उन्हें अपने क्षेत्र के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्राप्त हो सके। इस मौके पर प्रवक्ता अमरसिंह सोनी, ममता, शिप्रा, पूनम, आरती, रितु, प्रियंका व नीतू आदि उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। मंदिर में दर्शन करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आरपीएस कॉलेज में आईपीआर अवेयरनेस कार्यशाला आयोजित



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस कॉलेज बलाना के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा छात्रों और शिक्षकों में बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस विशेष कार्यशाला में भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन पेटेंट्स और डिजाइन विभाग में परीक्षक के पद पर कार्यरत यासिर अब्बास जैदी को मुख्यावक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को आईपीआर के महत्व, इससे जुड़ी प्रक्रिया और इसके भविष्य में करियर अवसर के बारे में जानकारी देना था। यासिर अब्बास जैदी ने अत्यंत प्रभावी एवं सरल भाषा में बौद्धिक संपदा के विभिन्न प्रकार पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, डिजाइन्स एवं जीआई टैग आदि की व्याख्या करते हुए बताया कि कैसे कोई व्यक्ति या संस्था अपने नवाचार या रचनात्मक कार्य को कानूनी रूप से संरक्षित कर सकता है। वर्तमान डिजिटल युग में आईपीआर का महत्व दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और युवाओं को इसके प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। कॉलेज निदेशक डॉ. महेश यादव ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला विद्यार्थियों को नई दृष्टि और भविष्य के अवसरों की ओर प्रेरित करती हैं। कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि संस्थान हमेशा से विद्यार्थियों को शोध और नवाचार की ओर प्रोत्साहित करता आया है।

## इशिका ने रचाई सबसे अच्छी मेहंदी



कनीना। हाथों पर लगाई हुई मेहंदी दिखाती अध्यापिका।

रामचंद्र पब्लिक स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**कनीना।** रामचंद्र पब्लिक स्कूल में करवाचौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने आकर्षक व पारंपरिक डिजाइनों से अपनी सृजनशीलता का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर उत्सव व उमंग के माहौल से सराबोर रहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इशिका 8वीं कक्षा, द्वितीय स्थान वैष्णवी 7वीं कक्षा तथा तृतीय स्थान हिमांशी 8वीं कक्षा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की एक्टिविटी इंचार्ज अनीता थी। कोऑर्डिनेटर ऋतु यादव ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन छात्राओं में कला, परंपरा व आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं। एकेडमिक इंचार्ज शिवचरण जोशी ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता की सराहना की। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना के साथ हुआ।

## बीआर ज्ञानदीप में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने अपनी कलात्मकता से विभिन्न सांस्कृतिक, पारंपरिक और आधुनिक डिजाइन उकेरकर सबका मन मोह लिया। कुछ डिजाइनों में भारतीय लोक संस्कृति की झलक थी तो कुछ में प्रकृति की कोमलता, मानो हर हथेली एक कहानी कह रही हो।

प्रधानाचार्य रामवीर यादव ने कहा कि मेहंदी केवल एक कला नहीं, यह हमारी संस्कृति और परंपरा की पहचान है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, सौंदर्यबोध और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। वहीं विद्यालय चेयरमैन रूपराम यादव ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने और आत्म-अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल ने रचनाओं का मूल्यांकन साफ-सफाई, डिजाइन की मौलिकता और कलात्मक संतुलन के आधार पर किया।



महेंद्रगढ़। हाथों पर लगाई हुई मेहंदी दिखाती हुई। फोटो : हरिभूमि

## विजय इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने ढाकरान की ढाणी का किया




महेंद्रगढ़। भ्रमण करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** विजय इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने ठाकरान की ढाणी एंड फार्म्स में शैक्षणिक भ्रमण किया। इस यात्रा में बच्चों ने फार्म्स की प्राकृतिक सुंदरता व गांव के रहन सहन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने देखा कि कैसे किसान खेतों में काम करते हैं तथा फसलें उगाते हैं। विद्यालय चेयरमैन विजय यादव टूमना ने बताया कि इस भ्रमण ने बच्चों को किताबी ज्ञान से परे जाकर व्यावहारिक अनुभव प्रदान किए। उन्होंने सीखा कि टीम वर्क व सहयोग से कैसे बड़े काम किए जा सकते हैं। प्रधानाचार्य नत्थू सिंह, सचिव महेंद्र सिंह ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। बच्चे इस भ्रमण को कभी नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने अपने दोस्तों के साथ मस्ती की, और नए अनुभव प्राप्त किए। यह भ्रमण उनके लिए एक यादगार अनुभव होगा।

## हरियाणा स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



नारनौल। मेहंदी दिखाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** मोहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से 12वीं तक की छात्राओं ने भाग लिया। मेहन्दी प्रतियोगिता जुनियर वर्ग (कक्षा 6-8) में पूर्वी व चेतना ने प्रथम, दृष्टि व छवीं द्वितीय, मुस्कान, प्रिया व पलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग (कक्षा 9-12) में नन्दनी व चंचल ने प्रथम, कोमल, नव्या व अंशु द्वितीय, कोमल सोनी, दिव्या व जया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा व निदेशिका संगीता शर्मा ने कहा कि महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार करवा चौथ होता है। इस दिन वह भगवान से अपने पति, पिता व अपने भाइयों के स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र लिए व्रत रखकर कामना करती है। मेहन्दी लगाकर ही औरत का साज-श्रृंगार पुरा होता है।

जागरूकता | पंजाब जैसा उपजाऊ व समृद्ध प्रांत इसी बीमारी की वजह से विनाश की चपेट में आया

## नशाखोरी विनाश की परछाई, इसे प्रारंभ में ही नष्ट करना अतिआवश्यकः डॉ. अभय सिंह यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- शांतिप्रिय क्षेत्र हमेशा से कमाने खाने के सिद्धांत पर आगे बढ़ा

क्षेत्र में नशाखोरी और नशीली दवाइयों की बिक्री की लगातार आ रही खबरों से आहत पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि यह समस्त क्षेत्र के लिए एक बहुत ही अशुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि यह न केवल क्षेत्र को आर्थिक विनाश की तरफ ले जाएगा, अपितु क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को भी विनाश की तरफ ले जाएगा। अब तक यह शांतिप्रिय क्षेत्र हमेशा से कमाने खाने के सिद्धांत पर आगे बढ़ा है, लेकिन इस तरह के समाचार एक बहुत ही खतरनाक भविष्य की ओर संकेत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी बीमारी है, जिससे किसी भी समाज का सर्वांगीण विनाश निश्चित है। जहां एक ओर नशाखोरी में परिवारों की आर्थिक स्थिति तहस-नहस हो जाती है। वहीं स्वस्थ और हंसते खेलते नौजवानों को समय से पहले ही काल का ग्रास बन जाना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि इस बुराई से विशेषकर युवा वर्ग ज्यादा प्रभावित होता है। अतः यह किसी भी व्यक्ति, समाज या क्षेत्र के भविष्य को ही धूमिल कर देता है। इसके साथ ही यह बुराई समाज में कई तरह की विसंगतियों पैदा करती है। इस लत से पीड़ित युवाओं को जब अपनी इस नशे की तड़प को पूरा करने के लिए पैसा नहीं मिलता है, तो वह अंतहीन अपराध की दुनिया में चले जाते हैं और एक अपराध से दूसरे प्राप्त में उलझते चले जाते हैं। अंततः यह सामाजिक सुरक्षा के लिए भी एक खतरा बन जाता है।

यादव ने उदाहरण देते हुए कहा कि पंजाब जैसा उपजाऊ व समृद्ध प्रांत इसी बीमारी की वजह से विनाश की चपेट में आया हुआ है। जहां बड़े बड़े परिवारों की आर्थिक स्थिति तहस नहस हो गई है तथा समस्त प्रांत की अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा झटका लगा है। अतः इस बीमारी को आगे बढ़ने से रोकना होगा।

### करने होंगे सामूहिक प्रयास



उन्होने इसकी रोकथाम के बारे में बात करते हुए कहा यह धीरे धीरे एक महामारी का रूप ले लेती है। जिसे रोकना दवाइयों और डॉक्टरों के क़ाबू की बात नहीं है। इस महामारी से बचने के लिए समस्त समाज का एक सामूहिक प्रयास ही कारगर सिद्ध हो सकता है। इसे रोकने के लिए हर व्यक्ति के दिल में नशे के प्रति एक नफरत पैदा होनी चाहिए। इसमें हर नागरिक को जागरूक होने की जरूरत है, जो अपने आसपास अपने परिवार, पड़ोस एवं रिश्तेदारों पर कड़ी निगरानी रखें। जहां भी यह प्रारंभ होने का संकेत देती है, वहीं इसको प्रारंभ में ही नष्ट कर दिया जाए।













**करवा चौथ :** हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के जम्मू, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान में मनाया जाने वाला पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह पर्व सौभाग्यवती (सुहागिन) स्त्रियाँ मनाती हैं। यह व्रत सवेरे सूर्योदय से पहले लगभग 4 बजे से आरंभ होकर रात में चंद्रमा दर्शन के उपरांत संपूर्ण होता है।ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलाओं तक सभी नारियाँ करवाचौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। शास्त्रों के अनुसार यह व्रत कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी के दिन करना चाहिए। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की अर्चना की जाती है। करवाचौथ में भी संकष्टीगणेश चतुर्थी के जैसे दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्घ्य देने के उपरांत ही भोजन करने का विधान है।







# मन, कर्म, वचन से रखें व्रत

## शुभ मुहूर्त एवं विधि-विधान का रखें खास ध्यान

पौराणिक ग्रंथों के अनुसार, देवता और दैत्यों के महासंग्राम में जब देवता लगातार परास्त हो रहे थे, तब ब्रह्मा जी की सलाह पर देव पत्नियों ने अपने पति की जीत के लिए कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को उपवास रखकर सच्चे मन से प्रार्थना की थी, जिसके परिणामस्वरूप देवताओं ने विजय प्राप्त की। इसके साथ ही सावित्री-सत्यवान की कथा, करवा नामक पतिव्रता स्त्री की कथा, द्रौपदी की कथा, गणेश पूजा और वीरावती नामक स्त्री की कथा आदि करवा चौथ व्रत की अनेक कथाएं प्रचलित हैं।

करवा चौथ व्रतोत्सव महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित परंपरा और विधि-विधान के अनुसार करती हैं। कहा जाता है कि करवा चौथ के दिन पत्नी द्वारा पति की दीर्घायु प्रार्थना अवश्य स्वीकार होती है। करवा चौथ का निर्जला व्रत जहां स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, वहीं पूरे दिन मन को संयमित रखकर नियम-संयम एवं विधि-विधान का पालन करने से संकल्प शक्ति की वृद्धि होती है। संकल्प शक्ति के साथ निर्जला व्रत के प्रभाव से जो भी इच्छा की जाती है, वो पूरी होती है। करवा चौथ के पूरे दिन यदि मन में बस एक ही इच्छा रहे कि 'हे करवा माता! मेरे पति का कल्याण करना', तो शुभ मुहर्त और व्रत के प्रभाव से स्त्री के सौभाग्य में वृद्धि होती है।

### शुभ मुहूर्त एवं विधान

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी, 20 अक्तूबर दिन रविवार को पतिव्रता स्त्रियां अपने पति की मंगलकामना एवं आयु वृद्धि के लिए करवा चौथ का व्रत रखेंगी। स्त्रियां निराहार रहकर सायंकाल को श्रीगणेश पूजन, करवा माता पूजन, शिव-पार्वती पूजन एवं चंद्रमा को अर्घ्य प्रदान कर पति का सम्मान करने के बाद ही स्वयं भोजन करती हैं। इस वर्ष कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी दिनांक 20 अक्तूबर, रविवार को 10 बजकर 10 मिनट से प्रारंभ होगी, जिसके चलते रविवार को करवा चौथ का व्रत विधि-विधान से सौभाग्यवती स्त्रियों द्वारा संपन्न किया जाएगा। चंद्रोदय रात्रि 7 बजकर 40 मिनट के बाद होगा। अलग-अलग स्थानों पर चंद्रोदय के समय में कुछ भिन्नता संभव है।

### चंद्रमा की प्रतीक्षा और पूजा

करवा चौथ के दिन व्रती महिलाओं को चंद्रमा के निकलने का बेहद इंतजार रहता है, क्योंकि महिलाएं चंद्र दर्शन, अर्घ्य, पूजन के बाद ही व्रत खोलती हैं। चंद्रमा के पूजन से जीवन-साथी की लंबी आयु और पति-पत्नी के बीच प्रेम में वृद्धि होती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, चंद्रमा मन का कारक है, इसलिए चंद्र पूजन, मन की चंचलता को नियंत्रित करता है। स्थिर और सबल मन मनोकामनाओं को पूरा करता है। चंद्रमा और मन की संकल्प शक्ति का सीधा संबंध है, इसलिए स्त्रियां करवा चौथ के दिन मन की संकल्प शक्ति को बढ़ाने के लिए पूरे मनोयोग से इस व्रत को नियमपूर्वक धारण करती हैं। चंद्रमा की पूजा मन के अंधकाररूपी विष को दूर करती है, इसलिए करवा चौथ का निर्जला व्रत मन के विकारों को दूर करने का महापर्व है।

### क्यों देखते हैं छलनी से चांद

करवा चौथ व्रत कथा में यह बताया जाता है कि छलनी के कारण ही एक पतिव्रता स्त्री का व्रत टूटा था। एक बार अपनी बहन को भाइयों ने छल से चांद की जगह छलनी की ओट से दीपक दिखाकर भोजन करा दिया, जिसके कारण उसे पति का वियोग सहना पड़ा। इसके बाद पूरे वर्ष उस स्त्री ने चतुर्थी तिथि का व्रत रखा और पुनः करवा चौथ को छलनी से वास्तविक चांद देखने के बाद उसे अपना पति प्राप्त हुआ। तब से छलनी छल से जुड़ गई और इसलिए महिलाएं अपने हाथ में छलनी लेकर चांद देखती हैं, ताकि कोई अन्य उन्हें झूठा चांद दिखाकर उनका व्रत भंग न कर सके।






























## खबर संक्षेप

### मुख्य न्यायाधीश पर हमले की निंदा

**नारनौल।** हरियाणा अनुसूचित जाति कांग्रेस के प्रदेश सचिव व पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश माण्डैया एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय तोताहेड़ी ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर हमले की कोशिश की निंदा की है। उन्होंने इस हमले को भारत के संविधान पर हमला बताया है। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश संविधान की आत्मा और सामाजिक न्याय के मूल्यों पर सीधा प्रहार है।

### दिलबाग सिंह ने ग्रहण किया बीईओ का कार्यभार

**कनीना।** खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक की जिला उप शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नति होने के बाद दिलबाग सिंह ने बीईओ के पद पर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी पत्र के मुताबिक दिलबाग सिंह को खंड संसाधन समन्वयक पद से पदोन्नत कर खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है।

### सीआईए ने 742 बोतल अवैध शराब बरामद की

**नारनौल।** सीआईए ने गुप्त सूचना के आधार पर नांगल चौधरी क्षेत्र में एनएच 148 बी भोजावास फ्लाईओवर के सर्विस रोड पर नाकाबंदी कर बुलेरो कैम्पर से करीब 742 बोतल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपित अनूप वासी नांगल कालिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ थाना नांगल चौधरी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### शिकायतों का तत्परता से करें समाधान: डीसी

**महेंद्रगढ़।** लघु सचिवालय सभागार में आयोजित किए गए समाधान शिविर में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद रही। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मुख्य न्यायाधीश पर हमले को संगठनों ने बताया देशद्रोह, राष्ट्रपति को लिखा पत्र

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर 6 अक्टूबर को न्यायालय में हमला करने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर छह अक्टूबर को जूता फेंकने की घटना के मामले में विभिन्न संगठनों की रोष बैठक सर्व अनुसूचित संघर्ष समिति के तत्वावधान में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान ने की। बैठक में इस घटना पर भारी रोष प्रकट किया गया और सभी संगठनों ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त पत्र राष्ट्रपति व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को भेजकर इस घटना के दोषी राकेश किशोर के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही घटना की साजिश रचकर वीडियो जारी करने वाले अजीत भारती, बाबा रामदेव व अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ भी आमजन को भड़काने व उकसाने पर आपराधिक मामला दर्ज करने व सोशल मीडिया पर न्यायपालिका के खिलाफ अपलोड किए गए सभी वीडियो को डिलीट करने की मांग की। बैठक का संचालन करते हुए समिति के महासचिव एवं कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के वाइस चेयरमैन बिरदी चंद गोठवाल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि छह अक्टूबर को संविधान के संरक्षक मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के ऊपर जूता फेंक कर हमला करना और धर्म का नारा लगाकर देश में विद्रोह फैलाने की यह घटना देशद्रोह के साथ न्यायपालिका के प्रति आपराधिक अवमानना व सरेआम संविधान की उल्लंघना को उजागर करती है, क्योंकि भारत के संविधान के अनुच्छेद 51 (क) के अनुसार देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह संविधान का पालन करें और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रीय ध्वज व राष्ट्रगान का सम्मान करें। डॉ. शिवताज सिंह ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकना उसके स्वाभिमान व लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

### साजिश के तहत दिया घटना को अंजाम


नारनौल। रोष प्रकट करते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी।

वहीं लालाराम नाहर, चन्दन सिंह जालवान, अनिल फाण्डन, जसवंत भाटी, महेंद्र खन्ना, प्यारेलाल चवन, अमरसिंह निमहोरिया, मदनलाल, आशा पूनिया, रोशनी देवी, डॉ. ओपी दायमा, सुंदरलाल जोरासिया आदि ने कहा कि संविधान के उल्लंघना कर भारत संघ के मुख्य न्यायाधीश पर खुले न्यायालय में न्यायिक प्रक्रिया के दौरान अधिवक्ता राकेश किशोर द्वारा आपराधिक कृत्य किया गया, जो सर्वोच्च न्यायालय की आपराधिक व मानना के साथ देशद्रोह का मामला है। यहां यह गौर का विषय है कि कुछ दिन पूर्व अजीत भारतीय नाम के व्यक्ति व बाबा रामदास ने अपने यूट्यूब चैनल पर मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ अपमानजनक भाषा में वीडियो अपलोड कर जन मन को गुमराह करने और उन पर हमला करने के लिए उकसाया। वहीं 22 सितंबर को कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने अपने यूट्यूब चैनल पर खुले मंच से मुख्य न्यायाधीश की छाती फाड़ कर हत्या करने जैसी धमकी का वीडियो अपलोड किया। इन बेलगाम कुकृत्यों से यह उजागर होता है कि इन घटनाओं से प्रेरित होकर छह अक्टूबर की घटना को सोच समझकर साजिश के तहत अधिवक्ता राकेश किशोर ने अंजाम दिया।

### यह रहे मौजूद

बैठक में सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति, अखिल भारतीय आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति, कबीर सामाजिक उत्थान संस्था, महर्षि वाल्मीकि सभा, परिवर्तनकारी साहित्य मंच, गुरु रविदास महासभा, धानक समाज सभा, भारतीय सामाजिक परिवर्तन संघ, बार एसोसिएशन, भारतीय बौद्ध महासभा, सामाजिक विकास पथ, मानव समाजसेवा फाउंडेशन, हरियाणा प्रदेश चमार महासभा, एसएलजी अमन फाउंडेशन इंडिया व अन्य पदाधिकारी बलबीर सिंह बबेरवाल, शिवनारायण मोरवाल, हरिसिंह बड़कोदिया, रोहतास सिंह, रामकुमार ढैणवाल, तोताराम, राजेश चांवरिया, संतलाल खींची, हरिसिंह कलोरिया, कन्हैयालाल कलोरिया, सन्नी लूनीवाल, सुमेर सिंह गोठवाल, एडवोकेट राहुल चौधरी, अमरनाथ सिरोहा, जोगेंद्र जैदिया, रामसिंह जोईया, ज्ञानीराम आदि उपस्थित रहे।

## यादव धर्मशाला में जिलास्तरीय बैठक का आयोजन

# वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं का रोष मार्च

**यह अभियान सिर्फ राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। शहर में रोष मार्च निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

केंद्र सरकार की नीतियों और चुनाव आयोग के प्रति नाराजगी जताते हुए कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को यादव धर्मशाला में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजन की ओर से राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाया तथा सरकार व चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राव दानसिंह रहे, जबकि अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के प्रधान सत्यवीर यादव झूकिया ने की। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यादव धर्मशाला से बालाजी चौक, शंकर मार्केट और सब्जी मंडी रोड होते हुए भगवान परशुराम चौक तक एकजुट होकर रोष मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए तथा आम जनता से जनसंपर्क करते हुए वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में शामिल होने की अपील की। राव दानसिंह ने कहा कि यह अभियान सिर्फ राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है।

यह हस्ताक्षर अभियान 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवधि में जिले के हर गांव व शहर में कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से हस्ताक्षर करवाएंगे। उन्होंने कहा कि 14 अक्टूबर को सभी हस्ताक्षरित फॉर्म राहुल गांधी को सौंपे जाएंगे, जिससे जनता की आवाज सीधे राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कांग्रेस का नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक का आंदोलन है, जो लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर कॉपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन राव रामकुंवार, चेयरमैन मंगलसिंह, चेयरमैन सूरतसिंह, चेयरमैन कृष्ण कुमार, राजेंद्र प्रधान, कृष्ण यादव, सरपंच वीरभद्र, बाला देवी, अक्खीराम सैनी व प्रदीप ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

### चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप

राव दान सिंह ने सरकार व चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में वोट चोरी करके सरकारें बनाई जा रही हैं, जिससे लोकतंत्र खतरे में है। जनता के अधिकारों को छीना जा रहा है। कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि एक-एक घर में 700 तक फर्जी वोट बनाए गए। प्रदेश में भी काफी गांवों में ऐसे घटनाएं देखने को मिली है, जिसने भाजपा की जीत में अहम भूमिका निभाई। जब तक इस वोट चोरी की सच्चाई सामने नहीं आती, कांग्रेस चैन से नहीं बैठेगी। जिला अध्यक्ष सत्यवीर यादव झूकिया ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब सड़कों पर उतर चुके हैं तथा यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता के अधिकारों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार व अधिकारी अपनी मनमानी बंद करें, वरना कांग्रेस बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने सभी ब्लॉक व बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को इस अभियान से जोड़ें और सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करें। महिला जिला प्रधान राजवति यादव ने कहा कि राहुल गांधी का यह मिशन पूरे भारत में चलाया जा रहा है और महिलाओं की इसमें अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि अब जनता सरकार के बहकावे में नहीं आएगी। लोग खुद आगे आकर इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं, जिससे साफ है कि अब परिवर्तन की लहर चल पड़ी है।

# मांगों को लेकर डीआरओ को सौंपा सीएम के नाम का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना


कनीना। ज्ञापन सौंपते पटवार कानूनगो एसोसिएशन के पदाधिकारी।

भू राजस्व विभाग से जुड़े पटवारी एवं कानूनगो ने सरकार के प्रति विरोध जताया है। पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के अंतर्गत वीरवार को तहसील के पटवारी व कानूनगो मांगों को लेकर सांकेतिक हड़ताल पर रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला राजस्व अधिकारी व एसडीएम को सौंपा। पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन प्रधान शमशेर सिंह पटवारी ने बताया कि नवनियुक्त प्रशिक्षु पटवारियों को वेतन जारी नहीं करने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है। दीपावली जैसे खुशी के त्योहार पर वेतन जारी न होने के चलते उन्हें काली दीवाली मनानी पड़ सकती है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से बीती सात जनवरी को पंचकूला में आयोजित प्रदेश स्तरीय पटवारी सम्मेलन में नवचयनित पटवारियों को प्रशिक्षण के दौरान पूरा वेतनमान जारी करने की घोषणा की थी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कानूनगो राजसिंह, उमेद सिंह जाखड़, पटवारी महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, अनूप सुहाग, प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, देवेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, संजीत उपस्थित थे।

# दीपक बने पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। नवनियुक्त कार्याकरिणी सदस्य। फोटो: हरिभूमि

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन सम्बन्धित हरियाणा कर्मचारी महासंघ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी की बैठक मण्डल नंबर एक के यूनियन कार्यालय निजामपुर रोड पर हुई। जिसमें यूनियन के कुछ रिक्त पदों पर चुनाव करवाए गए। इस अवसर पर चुनाव प्रवेक्षक के रूप में राज्य उपप्रधान सुभाष यादव व जिला सचिव संदीप उपस्थिति थे।

यह चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। जिसमें गोपीराम को चेयरमैन, दीपक कुमार को प्रधान, सुभाष यादव को सचिव, राकेश शर्मा नांगल चौधरी, सुरेन्द्र कुमार नारनौल, रोहताश यादव अटेली को वरिष्ठ उपप्रधान, मनोज शर्मा को कैशियर, कृष्णाकान्त को मुख्य संगठनकर्ता, पवन जांगड़ा, तरुण यादव, सतीश कुमार, सुनील गुर्जर, जितेश कुमार को उपप्रधान, दीपक कुमार, नरेश सैनी को सहसचिव, पवन कुमार, अमीचंद, रविन्द्र कुमार, संजय शर्मा को उप कैशियर, अरुण शर्मा, शेखर सैन, राजू यादव को प्रेस प्रवक्ता, विरेन्द्र कुलताजपुर व राजू को ऑडिटर, श्यामलाल, रमेश अटेली, भजनलाल, जयप्रकाश, सुनील कुमार, विजयराम, हरनाम, महीपाल को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। इसके अलावा प्रेम सैनी, सतबीर, सोमदेव, सतेन्द्र चौधरी, भूपसिंह, अरविन्द, विकास शर्मा, जोगेन्द्र, जितेन्द्र बैरी, कृष्ण कुमार, देशराज, कुलदीप सिंह, हजारीलाल, होशियार, सविन कुमार, अनिल यादव मुख्य कार्यकारी सदस्य चुने गए।

# बाजरे की खरीद न होना सरकार की बड़ी नाकामी : राव नरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। मंडी का दौरा करे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह। फोटो: हरिभूमि

नवनियुक्त कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह नारनौल के साथ साथ रेवाड़ी व पटौदी मंडी का दौरा किया व किसान, मज़दूरों और आढ़तियों से बात करके उनकी समस्याओं को जाना और कहा है कि बीजेपी सरकार में एकबार फिर किसान एमएसपी के लिए तरस रहे हैं और उनसे भारी लूट की जा रही है। सरकारी खरीद न होने के कारण मंडियों में किसानों का बाजरा, कपास बुरी तरह पिट रहे हैं। किसानों को एमएसपी से कई-कई सौ रुपये कम रेट में अपनी फसल बेचनी पड़ रही है। किसान का बाजरा 800-1000 रुपये कम रेट पिट रहा है और कपास करीब 1000 से 1500 कम रेट पर बेचने को मजबूर हैं। राव नरेंद्र सिंह ने बीजेपी सरकार की आलोचना करी व कहा कि आज प्रदेश की मंडियों में बाजरा,कपास और धान की आवक तेज़ है, लेकिन खरीद न होने से किसान भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं।

### सरकारी मार की चपेट में किसान

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र ने कहा कि हरियाणा का किसान बाढ़ की मार से उबर भी नहीं पाया कि अब उसे सरकारी मार ने अपनी चपेट में ले लिया। एक तरफ उन्हें पूरी एमएसपी न देकर प्रताड़ित किया जा रहा है, तो दूसरी तरफ पराली जलाने के आरोप में मुकदमे झेलने पड़ रहे हैं। फतेहाबाद और जींद में किसानों पर एफआईआर और चालान की कार्रवाई की गई है, जो बेहद निंदनीय है। यह किसानों के जले पर नमक छिड़ने के समान है। जबकि सरकार का काम आपदा की इस घड़ी में किसानों को राहत और सहारा देना था और अगर बाजरा 1900 के भाव पर खरीदा जाता है तो सरकार को भावांतर 800-900 रुपये प्रति क्विंटल देना चाहिए।

# डीसी ने ली जिलास्तरीय सतर्कता व निगरानी कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार।

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने वीरवार को कैंप ऑफिस में अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक ली। बैठक में अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत विभिन्न उपबंधों के क्रियान्वयन की अधिकारियों से रिपोर्ट ली गई।

वहीं ऐसे नागरिकों को दी गई राहत व पुनर्वास सुविधा तथा उनसे संबंधित मामलों पर चर्चा की। डीसी ने बताया कि इस अधिनियम के अधीन गैर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर अत्याचारों जैसे ट्यूबवेल की हानि, चल अचल संपत्ति का नुकसान अस्थाई, स्थाई अपंगता, बलात्कार तथा हत्या के गठित होने पर प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 तथा 1995 के सेक्शन तीन नियम 12 (4) के तहत मापदंड अनुसार 85 हजार रुपये से लेकर 8.25 लाख रुपये तक की राशि ऐसे केसों में प्रदान की जाती है।

### ये रहे मौजूद

उपायुक्त ने जिला कल्याण अधिकारी अमित शर्मा को निर्देश दिए की ऐसे मामलों में जो भी एफआईआर दर्ज होती है या समझोता होता है उसकी जानकारी सभी कमेटी मेंबर को दी जाए। इस बैठक में डीएसपी भारत भूषण, सहायक जिला न्यायवादी रफीक, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय बिढ़लान, जिला कल्याण अधिकारी अमित शर्मा, हरियाणा पिछड़े वर्ग कल्याण निगम से जिला प्रबंधक राजपाल गौरा, आईटीआई प्रिंसिपल विनोद खनगवाल के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# रेलवे स्टेशन मार्ग का होगा निर्माण विधायक कंवर सिंह ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। नारियल फोड़कर शुभारंभ करते विधायक। फोटो: हरिभूमि

विधायक कंवर सिंह यादव और नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने शहर के वार्ड नंबर एक में अनाज मंडी गेट से रेलवे स्टेशन तक की सड़क का नारियल फोड़कर शुभांरभ किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि इस सड़क का बहुत बुरा हाल था। रेलवे स्टेशन तक लोगों को आने–जाने में बहुत समस्या का सामना करना पड़ता था।

इस सड़क का शुभारंभ कर लोगों को रेलवे स्टेशन पर आने जाने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। व्यापारियों, छात्र-छात्रों और आम जनता को कोई दिक्कत नहीं होगी। साथ ही सड़क के बन जाने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। 35 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण कार्य होगा। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में महेंद्रगढ़ शहर में विकास की रफ्तार और तेज होगी। शहर की सड़क, जल निकासी व्यवस्था, बिजली व्यवस्था और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महेंद्रगढ़ को एक मॉडल शहर के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके। विधायक ने नगर पालिका अधिकारियों, ठेकेदार सभी को निर्देश दिए है कि सड़क निर्माण में किसी प्रकार की कोताही नहीं दी जानी चाहिए।

इस मौके पर नगर पालिका एमई राजेश कौशिक, जेई नवदीप, संजय राठी, पार्षद अशोक सैनी, विष्णु वाल्मीकि, पवन खैरवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, नवीन मित्तल, लक्ष्मीकांत पार्षद, अविनाश व सोमा आदि मौजूद रहे।

### राव दानसिंह ने मंडी का किया दौरा

**महेंद्रगढ़।** जिला में बाजरा फसल की बिक्री शुरू होने के बावजूद किसानों को उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं। अनाज मंडियों में खरीददारों की कमी के चलते किसान अपनी उपज औने-पौने दामों में बेचने को मजबूर हैं। उक्त बातें पूर्व संसदीय सचिव राव दान सिंह ने वीरवार को स्थानीय अनाज मंडी का दौरा करते समय कहीं। राव दानसिंह ने किसानों से सीधा संवाद किया और मौके पर स्थिति का जायजा लिया। राव दान सिंह ने किसानों से फसल की खरीद-बिक्री को लेकर जानकारी ली। किसानों ने उन्हें बताया कि उन्हें बाजरा मात्र 2000 रुपये प्रति क्विंटल में बेचना पड़ रहा है, जबकि सरकार की ओर से घोषित भावांतर योजना के तहत केवल 575 रुपये प्रति क्विंटल की राशि दी जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## देश में शोध एवं शिक्षण के क्षेत्र में उभरता हुआ श्रेष्ठ संस्थान साबित हो रहा हकेंवि

# टाइम्स हॉयर रैंकिंग में छाया हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

**हकेंवि को राष्ट्रीय स्तर पर मिला 44वां स्थान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। हकेंवि भवन। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने टाइम्स हायर एजुकेशन की विश्वविद्यालय रैंकिंग में दुनिया के 1001-1200 वैश्विक संस्थानों की सूची में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को इस रैंकिंग में देश के 128 भारतीय विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय स्तर पर 44वां स्थान प्राप्त किया। दिलचस्प बात यह है कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पहली बार इस रैंकिंग में शामिल हुआ था।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि वैश्विक गुणवत्ता अनुसंधान में विश्वविद्यालय को 781वां स्थान प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय उत्कृष्टता की और अग्रसर है। विश्वविद्यालय देश का प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालय बने इस दिशा में ही निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता, प्रभावशाली शोध और अंतर्राष्ट्रीय दृश्यता के प्रति हमारे निरंतर प्रयास को दर्शाती है।

### विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान मिल रही

*कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय सभी के सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय इस उपलब्धि को हासिल कर सका है। आईक्यूएसी निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर 44वें स्थान पर आना सीयूएच की गुणवत्ता संस्कृति, शोध क्षमता, दूरदर्शी नेतृत्व और शैक्षणिक अखंडता का प्रमाण है। विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों ने इसका श्रेय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार को दिया है, जिन्होंने अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करने वाले वातावरण को निर्माण किया व शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं विकसित कर सकें। इसी का परिणाम है कि अब विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान मिल रही है।*

समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय एक उत्कृष्ठ शोध शिक्षण संस्थान के रूप में उभर रहा है। विश्वविद्यालय में सभी पीएचडी कार्यक्रम कोविड महामारी के बाद ही शुरू हुए हैं।

### थाना प्रबंधक ने की सरपंचों के साथ बैठक

**नारनौल।** थाना निजामपुर प्रबंधक उपनिरीक्षक रवि ने गांवों के सरपंचों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान थाना निजामपुर क्षेत्र के गांवों के सरपंच मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने सरपंचों को गांवों में आपसी सामाजिक भाईचारा एवं शांति बनाए रखने की अपील की। गांव में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। गांव के सरपंचों से उनके क्षेत्र में पुरानी रंजिश के संबंध में भी जानकारी ली गई। बैठक में थाना प्रभारी ने सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बैठक में मौजूद सभी सरपंचों से अपील की कि अपने अपने गांव के हर व्यक्ति को नशे के खिलाफ जागरूक करें और पुलिस की नया सवेरा मुहिम में बढ़ चढ़कर भाग लें।